देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 199 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** अंबेडकर के नाम पर रामजी पर जोर



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 14 सितंबर 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 22.0⁰

37384.99

2 पाकिस्तान ने ही बोया आतंक का बीज
7 गांगुली एक पद से ज्यादा पर न रहें

## संक्षिप्त समाचार

### राजीव कुमार को गिरफ्तारी से मिली राहत हटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनजी के खास अफसरों में शुमार कोलकाता के पूर्व कमिश्नर राजीव कुमार पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। शुक्रवार को सीबीआई की टीम अचानक उनके घर पहुंची। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा राजीव कुमार की गिरफ्तारी पर लगी रोक हटाने के बाद इसे बेहद अहम कदम माना जा रहा है। सीबीआई ने राजीव कुमार को उनके आवास पर नोटिस देकर कल पेश होने को कहा है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि सारदा चिट फंड घोटाले में सबूत मिटाने के आरोपी राजीव कुमार को गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

### शिवकुमार को नहीं मिली राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर्नाटक के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार को शुक्रवार को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने ईडी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए शिवकुमार की कस्टडी पांच दिन के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि 3 सितंबर को अरेस्ट किए गए शिवकुमार की नौ दिन की कस्टडी शुक्रवार को समाप्त होने के बाद उन्हे कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने राउज एवेन्यु कोर्ट को बताया कि शिवकुमार की कई संपत्तियां बेनामी हैं और 317 बैंक खातों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की है।

### कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा को दी विदेश जाने की अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को विदेश जाने की अनुमति दे दी है। उन्होंने कारोबारी उद्देश्य के लिए विदेश दौरे की अनुमति मांगी थी। स्पेशल जज अरविंद कुमार ने वाड्रा को 21 सितंबर से 8 अक्टूबर तक स्पेन के दौरे की मंजूरी दी है। बता दें कि वाड्रा मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच का सामना कर रहे हैं और फिलहाल जमानत पर चल रहे हैं।

# इमरान ने भारत के खिलाफ उगला जहर

## पीओके में रैली कर लोगों को खुलेआम घुसपैठ के लिए उकसाया

■एलओसी पर अभी न जाना, मैं बताऊंगा कब जाना है: इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने शुक्रवार को पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में रैली कर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर जहर उगला। उन्होंने इस्लाम का वास्ता देकर खुलेआम पीओके के युवाओं को घुसपैठ के लिए उकसाया। उन्होंने कहा कि पीओके के युवा एलओसी की तरफ जाना चाहते हैं लेकिन अभी मत जाइए, कब जाना है यह बताऊंगा। हालांकि, इमरान की यह रैली पूरी तरह फ्लॉप रही। पीओके के पॉलिटिकल ऐक्टिविस्ट अमजद अयूब मिर्जा ने बताया कि रैली पूरी तरह फ्लॉप रही। लोगों को रावलपिंडी और ऐबोटाबाद से ट्रकों में भर-भरकर रैली में लाया गया था।

इमरान ने खुलेआम पीओके के युवाओं को इस्लाम के नाम पर घुसपैठ के लिए उकसाया। इमरान ने कहा, मुझे आपके जज्बे का पता है कि आप लाइन ऑफ कंट्रोल की तरफ जाना चाहते हैं। नौजवानों मुझे पता है आपमें जज्बा और जुनून है। लेकिन अभी लाइफ ऑफ कंट्रोल की तरफ नहीं जाना, जब तक मैं आपको नहीं बताऊंगा... मैं आपको बताऊंगा कब जाना है, अभी नहीं आपको जाना है। पहले मुझे यूनाइटेड नेशन्स जाने दो। दुनिया के लीडर्स को बताने दो। कश्मीर का केस लड़ने दो। कश्मीर का मसला हल नहीं किया, तो इसका असर पूरी दुनिया पर जाएगा। रैली में इमरान ने दावा किया कि कश्मीर मुद्दा अब अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन गया है और पाकिस्तान को इस पर खूब समर्थन मिल रहा है। एक दिन पहले ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में 58 देशों के समर्थन का दावा किया था, जबकि सिर्फ 47 देश यूएनएचआरसी के सदस्य हैं।

### यूएनजीए जा रहा हूं, कश्मीरियों को निराश नहीं करूंगा

खुद को दुनिया में कश्मीर का राजदूत बताते हुए इमरान खान ने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर में लोगों पर हो रहे कथित जुल्म का मुद्दा उठाएंगे। पाकिस्तानी पीएम ने कहा, आप सभी इंतजार करें। अगले हफ्ते मैं न्यू यॉर्क में यूएन के जनरल असेंबली में जा रहा हूं। मैं कश्मीरियों को निराश नहीं करूंगा। मैं कश्मीरियों के लिए वो स्टैंड लूंगा जो आजतक कभी भी कश्मीरियों के लिए वैसे खड़ा नहीं हुआ होगा, जितना मैं खड़ा रहूंगा। पीएम मोदी की हिटलर से तुलना करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 9 लाख भारतीय सैनिक स्थानीय लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं।



### पीओके के ऐक्टिविस्ट ने खोली इमरान की पोल

इमरान ने बड़े जलसे का ऐलान किया था, लिहाजा भीड़ को दिखाने के लिए पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को ट्रकों में भर-भरकर रैली में लाया गया था। इसकी पोल खोलते हुए पीओके के पॉलिटिकल ऐक्टिविस्ट अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि इमरान की रैली पूरी तरह फ्लॉप रही है और पीओके के लोगों ने इसका बहिष्कार किया है। मिर्जा ने बताया, मुजफ्फराबाद में इमरान की रैली फ्लॉप रही है। रैली के लिए ऐबोटाबाद और रावलपिंडी से लोगों को ट्रकों में भरकर लाया गया। पीओके के लोगों ने रैली का पूरी तरह बहिष्कार किया। इसके लिए दुनिया को यहां के लोगों को बधाई देनी चाहिए।

### डीयू छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने लहराया परचम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन के चुनाव में आरएसएस से जुड़े छात्र संगठन एबीवीपी ने परचम लहराया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के पद पर जीत मिली है। दूसरी तरफ कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन एनएसयूआई ने सचिव पद पर कब्जा जमाया है। इस साल भी नतीजा कमोबेश 2018 की तरह ही रहा है। बीते साल भी एबीवीपी को तीन सीटें हासिल हुई थीं, जबकि एनएसयूआई ने एक सीट जीती थी। बता दें कि दिल्ली यूनिवर्सिटी की राजनीति को राजधानी समेत देश भर की राजनीति के लिए अहम संकेत के तौर पर देखा जाता रहा है।

# पी.चिदंबरम को एक और झटका

## कोर्ट ने खारिज की सरेंडर याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सरेंडर के लिए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने गुरुवार को अपना आदेश एक दिन के लिए सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट को बताया कि वह फिलहाल चिदंबरम को गिरफ्तार नहीं करना चाहती।

ईडी ने चिदंबरम की सरेंडर की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह अभी जेल में हैं, इसलिए गवाहों या सबूतों को प्रभावित नहीं कर कर सकते।

### फिलहाल ईडी चिदंबरम की गिरफ्तारी नहीं चाहती

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि वह इस मामले में 6 अन्य लोगों से पूछताछ करना चाहती है। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम को वह बाद में उचित समय पर गिरफ्तार करना चाहती है।

चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि इसके पीछे ईडी की मंशा उनके मुवक्किल को परेशान करने की है।

**तिहाड़ जेल में हैं पूर्व वित्त मंत्री**



आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में चिदंबरम (73) न्यायिक हिरासत में हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने शुक्रवार के लिए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

### प्रवर्तन निदेशालय ने चिदंबरम की गिरफ्तारी बताई जरूरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से कहा कि आईएनएक्स मीडिया मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी की जरूरत है और उचित समय पर ऐसा किया जाएगा। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहार के सामने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े आईएनएक्स मामले में आत्मसमर्पण की मांग कर रहे चिदंबरम की याचिका का विरोध करते हुए जांच एजेंसी ने ये दलीलें दीं थी।

# दिल्ली में फिर से 4 से 15 नवंबर तक ऑड-ईवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में एक बार फिर ऑड-ईवन की घोषणा हो गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 4 से 15 नवंबर के बीच दिल्ली में यह फॉर्मूला लगाने की बात कही है। ज्ञात हो कि हर बार सर्दियों में दिल्ली प्रदूषण के चलते किसी गैस चैंबर जैसी हो जाती है। ऐसे में पहले भी दो बार लागू हो चुके ऑड-ईवन फॉर्मूले को एक बार फिर आजमाया जा रहा है।

वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- मेरा मानना है कि इसकी जरूरत ही नहीं है। रिंग रोड के निर्माण से प्रदूषण कम हुआ है।

# आधार से लिंक सोशल मीडिया ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकार से पूछा है कि यदि वह सोशल मीडिया खातों को आधार से जोड़ने के लिए किसी भी कदम पर विचार कर रही है तो इसकी योजना उजागर करे। जस्टिस दीपक गुप्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को अदालत को सूचित करने के लिए कहा कि क्या वह सोशल मीडिया को रेग्युलेट करने के लिए कुछ नीति तैयार कर रही है। जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरूद्ध बोस ने केंद्र सरकार से 24 सितंबर तक जवाब देने को कहा है। उसी दिन मामले की अगली सुनवाई होगी।

दरअसल, फेसबुक ने अलग-अलग हाई कोर्टों में दायर कई याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर की मांग उठाई है। फेसबुक की उसी याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश आया है। सोशल मीडिया साइट फेसबुक ने कहा है कि मामलों के ट्रांसफर से अलग-अलग हाई कोर्टों के परस्पर विरोधी फैसलों की संभावना से बचकर न्याय के हितों की सेवा होगी।

### सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा प्लान

**क्या सोशल मीडिया की आधार लिंकिंग पर चल रहा विचार?**

बेंच ने केंद्र से यह भी पूछा कि क्या आधार नंबर को सोशल मीडिया खातों के साथ जोड़ने के लिए कोई भी कदम उठाने पर विचार किया जा रहा है या नहीं। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वह सरकार से निर्देश के बाद इस बारे में बताएंगे।

### मद्रास, बाम्बे और मध्य प्रदेश हाई कोर्टों में दायर हुई हैं याचिकाएं

फेसबुक ने सुको को बताया कि अकेले मद्रास हाईकोर्ट में दो याचिकाएं और बॉम्बे हाई कोर्ट व मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में क्रमशः एक-एक याचिकाएं दायर हैं। तीनों हाई कोर्टों में दायर सभी याचिकाओं में मांग की गई है कि आधार या किसी सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य पहचान प्रमाण को सोशल मीडिया अकाउंट्स को प्रमाणित करने के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। 20 अगस्त को सुको ने याचिकाओं के ट्रांसफर को लेकर डाली गई फेसबुक की याचिका पर केंद्र, ट्विटर, गूगल और यू-ट्यूब को नोटिस जारी किया था।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in